# गैलवे न्यूज़लेटर

अगस्त , 2026

वर्ष 10, अंक 111

संपादक : दीप नारायण तिवारी

मासिक वेब प्रकाशन





# गैलवे प्रोडक्ट्स ने खोला क़ामयाबी का दरवाजा

## सुशील यादव RD

बलिया, उत्तर प्रदेश

> हौसले जब इरादों से मिल जाते हैं
> तो मंजिलों के रास्ते खुल जाते हैं
> गैलवे के साथ जब शुरु होता है सफ़र
> तो सारे ख़्वाब हकीकत में ढल जाते हैं...



जी हां, गैलवे बिज़नेस में ख्वाबों के हकीकत में ढलने की कुछ कहानियां हजारों गैलवियंस के लिए क़ामयाबी की मिसालें बन जाती हैं। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मालीपुर निवासी सुशील यादव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। साधारण जीवन से असाधारण उपलब्धियों की तरफ धीरे-धीरे बढ़ने वाला उनका यह सफर इस बात की तस्दीक करता है कि यदि गैलवे जैसा शानदार बिज़नेस प्लेटफॉर्म और इसके जानदार प्रोडक्ट साथ हों, तो आपको क़ामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता।

31 मई 2020 को बुआ के लड़के पवन कुमार यादव के माध्यम से गैलवे बिज़नेस शुरु करने वाले वाले सुशील इससे पहले नौकरी करते थे।

**अचीवमेंट्स**
आलीशान घर, बाइक

**सफलता का राज़**
सिस्टम पर अटूट विश्वास

**गैलवे की सबसे बड़ी USP**
बिज़नेस ट्रेनिंग


04 | गैलवे शंखनाद 2026, रायपुर एवं भुवनेश्वर

07 | गैलवे बिज़नेस से जुड़े राज्य समाचार

42 | गैलवे ग्लूकोसामाइन विद बोस्वेलिया एंड करक्यूमिनः जोड़ों का रखे खास ख्याल






**सक्सेस बिज़नेस फॉर्मूला** प्रोडक्ट रिटेलिंग

**माय रोल मॉडल** अनिल कुमार (जीडीडी)

**फेवरेट प्रोडक्ट** गैलविटा

**रिजेक्शन** बातों से नहीं रिजल्ट से जवाब दें

**नेक्स्ट गोल** एलडीडी

इनकम बेहद कम थी और सपने बेहद बड़े। ऐसे में नौकरी के दम पर सपनों को सच करने का रास्ता जरा धुंधला सा था। ऐसे में गैलवे ने राह दिखाई और एक ऐसा मंच दिया जहां मेहनत को सम्मान, शख्सियत को पहचान और सपनों को हकीकत का आसमान मिलता है।

## भरोसे ने बदली जिंदगी की तस्वीर

गैलवे बिज़नेस के सिस्टम पर अटूट विश्वास और निरंतर सीखने की ललक ने सुशील के जीवन की दिशा बदल दी। नियमित ट्रेनिंग और सकारात्मक सोच के बल पर उन्होंने न केवल अपने सपनों को सच करने का सिलसिला शुरु किया बल्कि खुद के लिए शानदार मोटरसाइकिल खरीदी और अपने माता-पिता के लिए लाखों की कीमत का शानदार घर भी बनवाया। हालांकि सुशील इन अचीवमेंट्स को अपने सपनों के सच होने की महज शुरुआत मानते हैं।

अभी उनके ऐसे कई सपने हैं जिन्हें वो सच करने के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हैं। अभी वो अपनी फैमिली की पहली ड्रीम कार टाटा नेक्सॉन खरीदने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, अपनी रैंक प्रमोशन के लिए जमकर गैलवे प्रोडक्ट्स की रिटेलिंग कर रहे हैं ताकि जल्द ही वो अपनी ड्रीम कार और ड्रीम डेस्टिनेशन को अचीव कर सकें। इसके लिए उन्हें गैलवे बिज़नेस के खास कंपोनेंट बोनस कार और ट्रेवल बोनस अचीव करना है, जिसे वे गैलवे प्रोडक्ट्स की सुपर रिटेलिंग के जरिए पूरा करने को लेकर आश्वस्त हैं।



## रिटेलिंग बनी सफलता की रफ्तार

सुशील यादव रिटेलिंग पर इसलिए जोर देते हैं क्योंकि गैलवे प्रोडक्ट इनकी सफलता का सबसे अहम आधार रहे हैं। गैलवे के उत्पादों पर उनका अटूट विश्वास ही उनके सपनों को सुपर स्पीड से साकार करने की सबसे बड़ी ताकत बना। उनका मानना है कि डायरेक्ट सेलिंग में सफलता की शुरुआत नेटवर्क या टीम बिल्डिंग से पहले रिटेलिंग से होती है। जब कोई व्यक्ति उनसे मिलता है तो पहले गैलवे के प्रोडक्ट्स के बारे में जानता है, प्रोडक्ट्स डेमो का हिस्सा बनता है और जब हमारे प्रोडक्ट्स की क्वालिटी से संतुष्ट होता है, तब जाकर गैलवे बिज़नेस यानी हमारी टीम का हिस्सा बनने का निर्णय लेता है।

हालांकि रिटेलिंग जर्नी में सुशील सबसे पहले स्वयं गैलवे के उत्पादों का उपयोग करते हैं, तब अपने परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और आसपास के लोगों को इनसे परिचित कराते हैं। गैलविटा उनका पसंदीदा प्रोडक्ट है, जिसे वे स्वयं और पूरा परिवार नियमित रूप से उपयोग करता है। वे केवल प्रोडक्ट्स नहीं बेचते, बल्कि लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें डेमो देते, उपयोग का सही तरीका समझाते और उनकी जरूरतों के अनुसार सॉल्यूशन देते हैं। पर्सनल मीटिंग, वन-टू-वन कॉन्टैक्ट, ईमानदार सलाह और प्रोडक्ट की गुणवत्ता जब एक साथ कसौटी पर खरे उतरते हैं तो यूजर्स केवल उपभोक्ता नहीं रहते, बल्कि नेटवर्क का हिस्सा बन जाते हैं। इस तरह से सुशील मानते हैं कि गैलवे ने उन्हें यह सिखाया कि रिटेलिंग केवल उत्पादों की बिक्री नहीं, बल्कि रिश्तों को बिल्डअप करने का सुपर टूल्स हैं। और इसी सुपर टूल ने उन्हें गैलवे में एक क़ामयाब मुक़ाम हासिल करने में मदद की है।

जाहिर है, एक यूजर से गैलवियन बनने की इस यात्रा में प्रोडक्ट्स रिटेलिंग का अहम रोल है। इसलिए सुशील रिटेलिंग पर खासा जोर देते हैं। नतीजतन, आज इनके साथ 1,000 से अधिक संतुष्ट प्रोडक्ट यूजर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स खड़े हैं।

## रिजेक्शन को बनाया सफलता का सबक

हालांकि क़ामयाबी के इस मुकाम तक पहुंचने का रास्ता इतना भी आसान नहीं था। हर बड़ी सफलता की तरह सुशील यादव का सफर भी चुनौतियों से अछूता नहीं रहा। सबसे पहला रिजेक्शन उन्हें अपने ही परिवार और दोस्तों से मिला। पहले की कुछ गलत कंपनियों के अनुभवों ने लोगों के मन में अविश्वास भर दिया था। नौकरी छोड़कर बिज़नेस करने के उनके निर्णय को भी कई लोगों ने गलत ठहराया। लेकिन उन्होंने रिजेक्शन का जवाब बातों के बजाए

**ड्रीम कार**
**टाटा नेक्सॉन**

**सक्सेस मंत्र**
**पहले स्वयं प्रोडक्ट यूजर बनें**

**संदेश**
**सफलता के लिए सीखते रहने की आदत डालें**






नतीजों से दिया, तब जाकर लोग खामोश हुए। समय के साथ जब लोगों ने उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव देखे, तो वही लोग उनकी सफलता की वाहवाही भी करने लगे।

## सीखते रहो, आगे बढ़ते रहो

सुशील यादव मानते हैं कि गैलवे बिज़नेस में सीखना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। गैलवे के शानदार ट्रेनिंग मॉड्यूल, पावर हाउस, मेगा प्रेजेंटेशन और लीडरशिप कार्यक्रमों ने उनके व्यक्तित्व को नई ऊंचाई दी। आज वे स्वयं एक सक्रिय ट्रेनर के रूप में वन-टू-वन मीटिंग्स, प्रोडक्ट डेमो और बिज़नेस प्रेजेंटेशन के माध्यम से नए गैलविसंस को गाइड करते हैं।



उनका विश्वास है कि जो व्यक्ति सीखना बंद कर देता है, उसकी सफलता भी वहीं ठहर जाती है। गैलवे के विभिन्न ऑफर्स, ट्रैवल बोनस और सम्मान समारोह उनके सफर के यादगार पड़ाव रहे हैं। दिल्ली में आयोजित फ्रेंचाइजी मीटअप में डायरेक्टर्स के हाथों सम्मान प्राप्त करना हो या लखनऊ में आयोजित 22वीं एनिवर्सरी समारोह में सम्मानित होना, हर छोटी-बड़ी उपलब्धि उनके आत्मविश्वास को नई ऊर्जा देती है।

## कहानी अभी बाकी है

सुशील अपनी इस सफलता की महज शुरुआत मानते हैं और इसके लिए अपने मार्गदर्शक जीडीडी अनिल कुमार को अपना आदर्श मानते हैं। अभी वो देश दुनिया की सैर से लेकर सपनों की गाड़ी और कई बड़े लक्ष्यों का पूरा करने के लिए कमर कस चुके हैं। उनके घर का माय गैलवे हाउस, माय गैलवे किचन और ड्रीम कॉर्नर इस बात का प्रतीक है कि गैलवे उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। वर्तमान में वे RD हैं, उनका अगला लक्ष्य LDD बनना है।

सुशील यादव का मानना है कि गैलवे केवल आमदनी का माध्यम नहीं, बल्कि भरोसे, गुणवत्ता और अवसरों का ऐसा मंच है जहां हर मेहनती व्यक्ति अपने सपनों को नई ऊंचाई दे सकता है। वे अपनी सफलता का श्रेय कंपनी के मजबूत सिस्टम, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों, अपने अपलाइन के मार्गदर्शन और टीम की एकजुटता को देते हैं। उनका कहना है कि पहले स्वयं प्रोडक्ट विश्वास करें, फिर उसी विश्वास को लोगों तक पहुंचाएं। ईमानदारी, निरंतर सीखने की आदत और सकारात्मक सोच के साथ किया गया हर प्रयास एक दिन सफलता की नई कहानी लिखता है।

सुशील यादव की कहानी इस बात की मिसाल है कि जब प्रोडक्ट पर भरोसा, सिस्टम पर यकीन और मेहनत में निरंतरता हो, तो हालात भी रास्ता देने लगते हैं। उन्होंने रिटेलिंग को महज बिक्री का जरिया नहीं, बल्कि भरोसे और रिश्तों को मजबूत करने का हुनर बनाया। आरडी से एलडीडी तक का उनका अगला सफर अभी बाकी है और टाटा नेक्सॉन जैसे सपनों की मंजिल सामने है।

बहरहाल, सुशील की कहानी यही कहती है अगर आप भी अपने सपनों को सच करने के लिए गैलवे के साथ कदमताल करने के लिए तैयार हो जाएं तो आपकी जीत पक्की है।

# गैलवे शंखनाद
**जोश • जीत • जुनून**













## रायपुर, 2026 जोश, सम्मान, नेतृत्व और ऊर्जा का संगम

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 6 जुलाई 2026 की सुबह उत्साह, ऊर्जा और नए संकल्प का संदेश लेकर आई। शहीद स्मारक भवन के बाहर सुबह से ही सैकड़ों गैलवियंस की लंबी कतारें इस बात का प्रमाण थीं कि गैलवे शंखनाद रायपुर, 2026 केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सफलता, नेतृत्व और प्रेरणा का एक भव्य उत्सव बनने जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रत्येक गैलवियन के चेहरे पर जोश, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का उत्साह साफ दिखाई दे रहा था।

छत्तीसगढ़ की सभी फ्रेंचाइजी से एलडीडी, जीडीडी, आरडी तथा एसडी गैलवियंस ने इस ऐतिहासिक आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात वीसी चायना कौशल ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं गैलवियंस का आत्मीय स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

इसके बाद एलडीडी विपिन कुमार का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। मंच संभालते हुए उन्होंने अपने प्रेरणादायी विचारों से सभी गैलवियंस में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने सफलता के लिए निरंतर सीखने, अनुशासन और टीम भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में गैलवे की महिला शक्ति तथा आरडी को मंच पर आमंत्रित कर उनके



उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ की सभी फ्रेंचाइजी हेड्स का सम्मान रीजनल हेड उदय कुमार जी एवं राजमणि पाल जी द्वारा किया गया। साथ ही जीडीडी धीरेंद्र कुमार तथा जोनल हेड एवं एलडीडी रंजनी कुमारी का भी सभी फ्रेंचाइजी हेड्स ने सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। सम्मान समारोह ने यह संदेश दिया कि गैलवे अपने प्रत्येक लीडर और उनके समर्पण का सदैव सम्मान करता है।

कार्यक्रम का उत्साह उस समय चरम पर पहुंच गया जब सीनियर डायरेक्टर (सेल्स एंड पीआर) श्री कुश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। सभी रीजनल एवं जोनल हेड्स ने उनका सम्मान किया। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने बताया कि एक सफल लीडर केवल स्वयं आगे नहीं बढ़ता, बल्कि अपनी पूरी टीम को साथ लेकर सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। उनके प्रेरक विचारों ने उपस्थित सभी गैलवियंस में नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की नई प्रेरणा जगाई।

इसके पश्चात पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट, उत्साहपूर्ण नारों और जोश के बीच मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सरबजीत सिंह अरनेजा का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर आते ही पूरा वातावरण ऊर्जा से भर उठा। अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने 'समर्पण' शब्द के वास्तविक, सात्विक और जीवन बदलने वाले अर्थ को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि सफलता भाग्य से नहीं, बल्कि निरंतर कर्म, अनुशासन, सकारात्मक सोच, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण से प्राप्त होती है। उन्होंने सभी गैलवियंस का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बड़े सपने देखने, निरंतर सीखते रहने और हर चुनौती को अवसर में बदलने का संदेश दिया।

सरबजीत सर के जोशीले शब्दों ने पूरे सभागार में नई एनर्जी, मोटिवेशन और आत्मविश्वास का संचार कर दिया। उनका प्रत्येक वाक्य उपस्थित गैलवियंस के लिए नई प्रेरणा बन गया। पूरा हॉल तालियों की गूंज और उत्साह से भर उठा तथा प्रत्येक गैलवियन अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए संकल्प, नई ऊर्जा और दोगुने उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुआ।

यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सम्मान, नेतृत्व, प्रेरणा, टीम भावना और सफलता की नई उड़ान का ऐसा मंच बना, जिसने छत्तीसगढ़ के गैलवियंस के मन में नए विश्वास, नई ऊर्जा और नए संकल्प का संचार किया। यह आयोजन आने वाले समय में गैलवे के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।











गैलवे शंखनाद
जोश•जीत•जुनून

## भुवनेश्वर, 2026

# सीख, सम्मान और सफलता का संगम
















रेल ऑडिटोरियम, भुवनेश्वर में आयोजित गैलवे शंखनाद कार्यक्रम उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रहा। इस अवसर पर डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड एजुकेशन) राजेश पासवान, रीजनल हेड मनीष सिंघम, सुशांत कुमार सामंता तथा उड़ीसा की सभी गैलवे फ्रेंचाइजी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सुशांत कुमार सामंता ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राजेश पासवान की ऑफर एवं बिज़नेस प्रमोशन ट्रेनिंग से हुई। उन्होंने बताया कि कंपनी की ऑफर्स का सही उपयोग कर बिज़नेस को कैसे तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सकता है।

इसके बाद रीजनल हेड मनीष सिंघम ने रिपोर्टिंग प्रोसेस पर प्रशिक्षण देते हुए व्यवस्थित कार्यशैली और सही रिपोर्टिंग के महत्व को सरल तरीके से समझाया।

स्टार जीडीडी महेश कुमार की बिज़नेस ओरिएंटेशन क्लास कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बिज़नेस बढ़ाने, टीम बनाने और सफल लीडर बनने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उनके संबोधन ने पूरे सभागार में जोश और उत्साह भर दिया।

इस अवसर पर दो दिवसीय गैलवे एग्री ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी करने वाले प्रतिभागियों को मैनेजिंग डायरेक्टर सरबजीत सर एवं सीनियर डायरेक्टर (सेल्स एंड पीआर) कुश सर ने मंच पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में सरबजीत सर ने समर्पण, अनुशासन और निरंतर सीखने को सफलता का आधार बताया, जबकि कुश सर ने नेतृत्व, टीमवर्क और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

गैलवे शंखनाद भुवनेश्वर ने सभी गैलवियंस को नई सीख, नई ऊर्जा और बेहतर बिज़नेस की प्रेरणा देकर आयोजन को यादगार बना दिया।

# उत्तर प्रदेश

## कानपुर



Regional Head
Mundrika Gop

Provisional Zonal Head
Rohit Kumar

Franchise Head
Rohit Kumar
(Radha Krishna Associate)

## सफलता के लिए सही दिशा और रणनीति पर हुआ मंथन

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट के सौजन्य से ऑल आईआर की एक शानदार एवं प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार ने उपस्थित लीडर्स को बिज़नेस डेवलपमेंट, नेटवर्क ग्रोथ और लक्ष्य प्राप्ति से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने टीम को सही दिशा में निरंतर प्रयास करने और प्रभावी रणनीति के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन से गैलवियंस में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

कार्यक्रम में आरडी एवं वीसी चंद्रेश कुमार, वीसी नफीस, आरडी राजेश शर्मा, आरडी मो. गुलाम समदानी, आरडी मो. तौसीफ रजा, आरडी विपिन अहिरवार, आरडी विनोद, आरडी विशाल, आरडी आशीष राजपूत, आरडी अरविंद, संदीप, आकाश एवं प्रमोद सहित अनेक लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।





## कानपुर

## टीम ने ब्लू वर्ल्ड में साझा किए सफलता के खुशनुमा पल

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट की टीम ने ऑफर के तहत ब्लू वर्ल्ड वॉटर पार्क में मनोरंजन और उत्साह से भरा दिन बिताया।

इस विशेष अवसर पर एलडीडी पवन सिंह और आरडी विपिन अपनी टीम के साथ शामिल हुए। ऑफर के अंतर्गत 15 गैलवियंस ने ब्लू वर्ल्ड में विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया और टीम के साथ यादगार पल साझा किए।

कार्यक्रम में एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार, एलडीडी पवन सिंह, आरडी विपिन एवं एसडी प्रमोद की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान गैलवियंस ने आपसी सहयोग, टीम भावना और उत्साह के साथ सफलता की खुशी साझा की।









# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Rajesh Kumar Modi (Director, Franchise Expension)

## कानपुर

### मोटिवेशन ट्रेनिंग से बढ़ा प्रमोशन का उत्साह

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा ऑल आईआर मीटअप का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर, फ्रेंचाइजी एक्सपेंशन राजेश कुमार मोदी रहे। उन्होंने उपस्थित गैलवियंस को मोटिवेशन ट्रेनिंग प्रदान करते हुए सफलता, नेतृत्व, टीमवर्क और निरंतर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य पर फोकस करते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग से उत्साहित गैलवियंस ने अपने बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और प्रमोशन अचीव करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।






## कानपुर

### ऑफर की सफलता के लिए टीम ने तैयार की प्रभावी रणनीति

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट के सौजन्य से सभी टीम लीडर्स की जुलाई माह की प्लानिंग एवं मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार ने टीम के साथ जुलाई माह के लक्ष्यों और बिज़नेस प्लानिंग पर चर्चा की। उन्होंने बेहतर रणनीति, टीमवर्क और निरंतर प्रयासों के माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में पवन सिंह, चंद्रेश कुमार, नफीस, राजेश शर्मा, गुलाम समदानी, तौसिफ रजा, विपिन अहिरवार, विनोद, विशाल, आशीष राजपूत, अरविंद, संदीप, आकाश एवं प्रमोद सहित प्रमुख लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।








# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Shahid Alam (LDD)

## कानपुर

### सही सिस्टम और कार्यशैली से सफलता की ओर बढ़ें

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा आगमन मैरिज लॉन में सभी आईआर के लिए एक शानदार एवं प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एलडीडी शाहिद आलम ने गैलवियंस को बिज़नेस की सही कार्यप्रणाली और सिस्टम के अनुसार कार्य करने के महत्व को समझाया। उन्होंने निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच रखने और निर्धारित लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार, एलडीडी पवन सिंह, आरडी एवं वीसी चंद्रेश कुमार, वीसी नफीस, आरडी राजेश शर्मा, आरडी मो. गुलाम समदानी, आरडी मो. तौसिफ रजा, आरडी विपिन अहिरवार, आरडी विनोद, आरडी विशाल, आरडी आशीष राजपूत, आरडी अरविंद, संदीप, आकाश एवं प्रमोद मड़ावी सहित अनेक लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी लीडर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए टीम को सकारात्मक सोच, बेहतर कार्यशैली और बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।





## कानपुर

### टीमवर्क और मेहनत के साथ सफलता की ओर बढ़े गैलवियंस

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट के सौजन्य से सभी आईआर के साथ एक शानदार मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस प्रेरणादायक सत्र में टीम को नए लक्ष्य निर्धारित करने, प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। मीटिंग के बाद सभी गैलवियंस ने मिलकर पार्टी का आनंद लिया और आपसी जुड़ाव के खुशनुमा पलों को साझा किया।

इस अवसर पर एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार की प्रेरक उपस्थिति रही। पूनम, पूजा, अनवर, दीपा एवं किरण सहित सभी गैलवियंस ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।











# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Ajay (RD)

## कानपुर

### प्रेरणादायक मार्गदर्शन से मिली नई उड़ान की प्रेरणा

उत्तर प्रदेश के कानपुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट के सौजन्य से ऑल आईआर मीटिंग का भव्य एवं ऊर्जावान आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गैलवे आरडी अजय ने गैलवियंस को बिज़नेस की सही कार्यप्रणाली, लीडरशिप, निरंतर सीखने और लक्ष्य प्राप्ति के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी को अनुशासन और निरंतर प्रयासों के साथ अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में गैलवे एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार, एलडीडी पवन सिंह, आरडी एवं वीसी चंद्रेश कुमार, वीसी नफीस, आरडी राजेश शर्मा, आरडी मो. गुलाम समदानी, आरडी मो. तौसीफ रज़ा, आरडी विपिन अहिरवार, आरडी विनोद, आरडी विशाल, आरडी आशीष राजपूत, आरडी अरविंद, संदीप, आकाश एवं प्रमोद मड़ावी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मीटअप के दौरान लीडर्स ने अपने अनुभव साझा किए और टीम को सकारात्मक सोच, निरंतर प्रयास एवं बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





Chief Guest - Rohit Kumar (LDD)

## मिर्ज़ापुर



Regional Head
Mundrika Gop

Provisional Zonal Head
Rohit Kumar

Franchise Head
Raja Kumar
(Maa Ashtbhuja Traders)

### लक्ष्य हासिल करने के संकल्प के साथ आगे बढ़े लीडर्स

उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सौजन्य से ओडी एवं ईडी लीडर्स की एक शानदार, ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक लीडरशिप मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड रोहित कुमार ने उपस्थित गैलवे लीडर्स को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराते हुए नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। मीटिंग के दौरान प्रमोशन को लेकर प्रभावी प्लानिंग साझा की गई। साथ ही, इस माह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक रणनीतियों और महत्वपूर्ण जानकारियों पर चर्चा की गई। उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन से सभी लीडर्स में नई ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी हेड राजा कुमार, बबलू गुप्ता, वीसी विजय चौधरी, चंदन ठाकुर, अजय कुमार मौर्य, आरडी हवन सिंह, रविंद्र सिंह, एकता पंचेश्वर, अनीता राय, संजू राय, अर्चना सिंह, कविता शर्मा, एसडी प्रीतम कुमार, सतेंद्र, दुर्गा सहित अनेक लीडर्स एवं गैलवियंस की गरिमामयी उपस्थिति रही।





# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Rajesh Kumar Modi (Director, Franchise Expension)

### मिर्जापुर

## सफलता की रणनीति से गैलवियंस को मिली नई दिशा

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सौजन्य से सभी गैलवियंस की एक शानदार, ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक बिज़नेस मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डायरेक्टर (फ्रेंचाइजी एक्सपेंशन) राजेश कुमार मोदी जी ने सभी आईआर को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराया। उन्होंने प्रमोशन की प्रभावी रणनीति, टीम को आगे बढ़ाने के बेहतर तरीकों, नौकरी और बिज़नेस के बीच के अंतर तथा निरंतर सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन से गैलवियंस में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। मीटिंग के दौरान उपस्थित लीडर्स ने बिज़नेस को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने और निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रभावी रणनीति के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी हेड राजा कुमार, वीसी विजय चौधरी, चंदन ठाकुर, अजय कुमार मौर्य, आरडी हवन सिंह, रविंद्र सिंह, एकता पंचेश्वर, अनीता राय, संजू राय, अर्चना सिंह, कविता शर्मा, एसडी प्रीतम कुमार, सतेंद्र, दुर्गा सहित अनेक लीडर्स एवं सभी गैलवियंस की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।





### मिर्जापुर

Chief Guest - Rajesh Kumar Modi (Director, Franchise Expension)

## प्रमोशन प्लानिंग के साथ सफलता की ओर बढ़े लीडर्स

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सौजन्य से ईडी, एसडी एवं आरडी लीडर्स की शानदार एवं ऊर्जावान लीडरशिप मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डायरेक्टर (फ्रेंचाइजी एक्सपेंशन) राजेश कुमार मोदी जी ने उपस्थित गैलवियंस को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराया। उन्होंने आगामी प्रमोशन की प्रभावी प्लानिंग साझा करते हुए इस माह बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीति, लक्ष्य प्राप्ति के प्रभावी तरीकों और बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन से सभी लीडर्स में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। मीटिंग के दौरान लीडर्स ने बेहतर रणनीति और टीमवर्क के साथ निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी हेड राजा कुमार एवं बबलू गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही विजय चौधरी, चंदन ठाकुर, अजय कुमार मौर्य, हवन सिंह, रविन्द्र सिंह, एकता पंचेश्वर, अनीता राय, संजू राय, अर्चना सिंह, कविता शर्मा, प्रीतम कुमार, सतेंद्र सहित अनेक लीडर्स और सभी गैलवियंस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।











# उत्तर प्रदेश

## मुरादाबाद



Regional Head
Sunil Das

Provisional Zonal Head
Babulal Nishad

Franchise Head
Ravi Prakash
(R. S. Associates)

## समाज सेवा में भी गैलवियंस हमेशा आगे

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर.एस. एसोसिएट के सौजन्य से एकादशी के पावन अवसर पर सभी लीडर्स एवं वीसी टीम ने स्थानीय लोगों को शरबत वितरित कर सेवा और सद्भाव का प्रेरणादायक संदेश दिया।

इस अवसर पर गैलवियंस ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और मानवता के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए लोगों की सेवा की। इस सेवा कार्य ने आपसी अपनापन, सहयोग और सद्भाव की भावना को और मजबूत किया।

**मंजिल वही पाते हैं, जो राह में चलते हैं,**
**खुशियां वही बांटते हैं, जो दिल से सेवा करते हैं।**

गैलवे परिवार द्वारा किए गए ऐसे सेवा कार्य समाज के प्रति जिम्मेदारी, जनकल्याण की भावना और जरूरतमंदों के साथ खड़े रहने के संकल्प को दर्शाते हैं। सेवा और सद्भाव की यह पहल निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी समाजहित में आगे आने के लिए प्रेरित करती है।







## मुरादाबाद

Chief Guest - Shashikant (RD)

## सफलता, नेतृत्व और बिज़नेस ग्रोथ के मिले महत्वपूर्ण सूत्र

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर. एस. एसोसिएट्स के ट्रेनिंग सेंटर में शानदार एवं ज्ञानवर्धक एजुकेशनल एवं मोटिवेशनल मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस प्रेरणादायक सत्र में काशीपुर फ्रेंचाइजी के आरडी शशिकांत जी ने सभी गैलवियंस के साथ सफलता, नेतृत्व और बिज़नेस ग्रोथ से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। उन्होंने बेहतर कार्यशैली, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयासों के माध्यम से अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**हौसलों की उड़ान हो, तो मंजिल दूर नहीं होती,**
**मेहनत में विश्वास हो, तो सफलता मजबूर नहीं होती।**

इस अवसर पर गैलवे लीडर बाबूलाल निषाद, फ्रेंचाइजी हेड रवि प्रकाश, वीसी भूपेंद्र भगवान, सूर्य प्रकाश तथा सभी आरडी एवं अन्य लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।







# उत्तर प्रदेश

## हरदोई



Regional Head
Sunil Das

Franchise Head
Munna Paswan
(Bhartiya Associates)

### हरदोई में उपलब्धियों का हुआ भव्य सम्मान

दिनांक 2 जुलाई, 2026 को उत्तर प्रदेश के हरदोई जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी भारतीय एसोसिएट में प्रमोशन डे प्रोग्राम का शानदार आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीडी से ओडी और ओडी से ईडी प्रमोशन हासिल करने वाले अचीवर्स को सम्मानित किया गया। एलडीडी श्रीकांत पाठक एवं वीसी एवं आरडी राकेश कुमार यादव ने सभी प्रमोशन अचीवर्स का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का माहौल ऊर्जा, उत्साह और नई सफलताओं के संकल्प से भरपूर रहा। सम्मानित अचीवर्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और निरंतर मेहनत करते हुए सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया।





## चित्रकूट (कर्वी)



Regional Head
Mundrika Gop

Franchise Head
Anil Kumar
(Maa Prema Associate)

### सफलता के लिए सिस्टम और सकारात्मक सोच का मिला संदेश

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम कर्वी स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां प्रेमा एसोसिएट द्वारा ऑल आईआर मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष भारती (एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड) ने उपस्थित सभी गैलवियंस को बिज़नेस में निरंतर आगे बढ़ने, प्रमोशन हासिल करने और सिस्टम के अनुसार बिज़नेस करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रमोशन प्राप्त करने की प्रभावी रणनीति के साथ-साथ रिजेक्शन को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने और हर अनुभव से सीख लेकर आगे बढ़ने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए उन्होंने ने कहा कि ,

रुकावटों से घबराना नहीं, हर कदम पर आगे बढ़ना है,
रिजेक्शन को सीख बनाकर, सफलता का मुकाम गढ़ना है।

उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन से गैलवियंस में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। सभी ने सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करते हुए अपने लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा ली।

इस अवसर पर फ्रेंचाइजी हेड अनिल त्रिपाठी के साथ सर्वजीत, सूरज, शाहिद और शाहिद मुशर्रफ सहित सभी लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।

Chief Guest - Santosh Bharti (LDD)





# बिहार

Chief Guest - Bindoo Bharti (LDD)

सासाराम (रोहतास)



Regional Head
Punit Pranay

Franchise Head
Dhanjay Kumar
(M/S Sevak Traders)

## सफलता और नेतृत्व की नई दिशा से रूबरू हुए गैलवियंस

बिहार के सासाराम (रोहतास) जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स सेवक ट्रेडर्स के सौजन्य से ऑल आईआर की शानदार, ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलडीडी बिंदु भारती ने उपस्थित सभी गैलवियंस को सफलता, लीडरशिप और बिज़नेस से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराया। उन्होंने निरंतर सीखने, बेहतर नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सही कार्यप्रणाली के साथ बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एलडीडी बलिराम, स्टार एलडीडी प्रमोद सिंह, एलडीडी अनुप, एलडीडी अभिताभ, आरडी एवं ट्रेनिंग वीसी प्रदीप सिंह, आरडी रविरंजन, आरडी मंजू, आरडी प्रमोद, आरडी धर्मेंद्र एवं आरडी सूरज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी लीडर्स के प्रेरणादायक विचारों एवं मार्गदर्शन से उपस्थित गैलवियंस में नई ऊर्जा, उत्साह और सफलता के प्रति मजबूत संकल्प का संचार हुआ।





सासाराम (रोहतास)

Chief Guest - Dharmendra Kumar (RD)

## बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ने का लिया संकल्प

बिहार के सासाराम (रोहतास) जोन स्थित सेवक ट्रेडर्स में ऑल आईआर मीटिंग का भव्य, शानदार एवं ऊर्जावान आयोजन किया गया।

इस सत्र का नेतृत्व आरडी धर्मेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपने अनुभव और मार्गदर्शन के माध्यम से सभी गैलवियंस को निरंतर सीखने, बेहतर प्रदर्शन करने और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों से गैलवियंस में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सफलता के प्रति मजबूत संकल्प का संचार हुआ।

इस अवसर पर आरडी एवं ट्रेनिंग वीसी प्रदीप सिंह तथा आरडी प्रमोद ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गैलवियंस ने सीखने, आगे बढ़ने और टीमवर्क के साथ गैलवे परिवार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।





# बिहार

## बेगूसराय



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Pinkesh Kumar Yadav

Franchise Head
Sangam Kumari
(R.S. Traders)

### बिज़नेस ग्रोथ के लिए नई रणनीतियों पर हुआ मंथन

बिहार के बेगूसराय जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर. एस. ट्रेडर्स में सभी लीडर्स के लिए ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आरडी एवं वीसी हेड रजनीश राज ने सभी लीडर्स से संवाद करते हुए बिज़नेस की नई रणनीतियों, लीडरशिप डेवलपमेंट, बिज़नेस अप्रोचिंग और निरंतर प्रमोशन की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

रजनीश राज ने सकारात्मक सोच और टीमवर्क के साथ बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**सीखने की चाह हो, तो हर दिन खास होता है, मेहनत का साथ हो, तो हर सपना पास होता है।**

पूरे ट्रेनिंग सेशन में उत्साह, सकारात्मक ऊर्जा और सीखने का शानदार माहौल देखने को मिला। मार्गदर्शन से प्रेरित होकर लीडर्स ने बेहतर प्रदर्शन और निरंतर प्रगति के लिए नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।







## बेगूसराय

### अगस्त को सफलता का महीना बनाने की बनी रणनीति

बिहार के बेगूसराय जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर. एस. ट्रेडर्स के सौजन्य से एक शानदार एवं ऊर्जावान मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस मीटिंग में गैलवे लीडर करण जी ने टीम को बिज़नेस में निरंतर प्रगति, पॉजिटिव एनर्जी और नए लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। करण जी ने सभी गैलवियंस को टीमवर्क और प्रभावी रणनीति के साथ जुलाई माह के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में आरडी एवं वीसी दीपक, राजाराम, संदीप, नितीश, रुपेश, अमरजीत सहित अन्य आरडी लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी लीडर्स ने टीम का उत्साहवर्धन किया और जुलाई माह को सफलता का महीना बनाने का संकल्प लिया।






# बिहार

Chief Guest - Ram Kumar (RD and VC)

## बेगूसराय

### बड़े लक्ष्य और निरंतर प्रयास के साथ सफलता की ओर बढ़े गैलवियंस

बिहार के बेगूसराय जोन स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर. एस. ट्रेडर्स के सौजन्य से ऑल आईआर मीटिंग का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देवघर जोन से आए आरडी राम कुमार ने अपने अनुभव, ऊर्जा और मार्गदर्शन से सभी गैलवियंस में नया उत्साह भरते हुए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने सकारात्मक सोच, अनुशासन और निरंतर कार्यशैली के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सभी सम्मानित फ्रेंचाइजी, वीसी, आरडी एवं आईआर लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी लीडर्स ने टीम को मजबूत बनाने, टीमवर्क को बढ़ावा देने और बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपने विचार साझा किए।





Chief Guest - Nitish Kumar (LDD)

## बांका



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Pinkesh Kumar Yadav

Franchise Head
Dheeraj Kumar
(D S Associate)

### आज की मेहनत, कल की सफलता

बिहार के बांका जोन स्थित डीएस एसोसिएट में एक शानदार एवं ऊर्जावान टीम मीटिंग का आयोजन किया गया।

